# प्रेस नोट

**महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पौष पूर्णिमा स्नान पर्व एवं प्रथम अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति तिथि 13/14.01.2025 हेतु यातायात प्रबन्ध**

**दिनांक 13/14.01.2025 को पौष पूर्णिमा/ मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं सुरक्षा कारणों से मेला क्षेत्र में आने वाले समस्त वाहनों हेतु निम्नानुसार यातायात डायवर्जन/पार्किंग की व्यवस्था प्रस्तावित हैः-**

**दिनांक 11.01.2025 को सायं 20.00 बजे से दिनांक 15.01.2025 को 20.00 बजे तक अथवा भीड़ समाप्ति तक महाकुम्भ मेला क्षेत्र में प्रशासनिक/चिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों का संचरण प्रतिबंधित रहेगा।**

**महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन निम्न स्थानों पर निर्धारित 'पार्किंग' स्थलों पर खड़ा कर सकेंगेः-**

**(क) जौनपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को**

1- चीनी मिल पार्किंग

2- पूरे सूरदास पार्किंग गारापुर रोड

3- समयामाई मंदिर कछार पार्किंग

4- बदरा सोनौटी रहीमापुर मार्ग उत्तरी/दक्षिणी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा |

निर्देश:- जौनपुर की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल ओल्ड जीटी मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे |

**(ख) वाराणसी की तरफ से आने वाले वाहनों को**

1- महुआ बाग थाना झूसी पार्किंग [अखाड़ा पार्किंग]

2- सरस्वती पार्किंग झूसी रेलवे स्टेशन

3- नागेश्वर मंदिर पार्किंग

4- ज्ञान गंगा घाट छतनाग पार्किंग

5- शिव मंदिर उस्तापुर महमूदाबाद पार्किंग में पार्क कराया जाएगा।

निर्देश:- वाराणसी की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल छतनाग मार्ग  से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे |

**(ग) मिर्जापुर की तरफ से आने वाले वाहनो को**

1- देवरख उपरहार पार्किंग उत्तरी/दक्षिणी

2- टेंट सिटी पार्किंग मदनुआ/मवईया/देवरख

3- ओमेंक्स सिटी पार्किंग

4- गजिया पार्किंग उत्तरी/दक्षिणी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा।

निर्देश:- मिर्जापुर की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल अरैल बांध रोड से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

**(घ) रीवा-बांदा-चित्रकूट की तरफ से आने वाले वाहनों को**

1- नवप्रयागम पार्किंग पूर्वी/पश्चिमी/विस्तार

2- एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट पार्किंग यमुना पट्टी

3- महेवा पूरब/पश्चिम पार्किंग

4- मीरखपुर कछार पार्किंग में पार्क कराया जाएगा।

निर्देश:- रीवा-बांदा-चित्रकूट से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल ओल्ड रीवा मार्ग व न्यू रीवा मार्ग होकर अरैल बाँध से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे

**(ड़) कानपुर-कौशांबी की तरफ से आने वाले वाहनों को**

1- काली एक्सटेंशन प्लाट नंबर 17 पार्किंग

2- इलाहाबाद डिग्री कॉलेज मैदान

3- पार्किंग दधिकांदो मैदान पार्किंग पार्क कराया जाएगा।

निर्देश:- कानपुर-कौशाम्बी की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल जीटी जवाहर चौराहा होते हुए काली मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

**(च) लखनऊ-प्रतापढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों को**

1- गंगेश्वर महादेव कछार पार्किंग

3- नागवासुकी पार्किंग

4- बक्शी बाँध कछार पार्किंग

5- बड़ा बागड़ा पार्किंग 01/02/03

6- आईईआरटी पार्किंग उत्तरी/दक्षिणी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा |

निर्देश:- लखनऊ-प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल नवास की मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

**(छ) अयोध्या-प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों को**

1- शिव बाबा पार्किंग में पार्क कराया जाएगा

निर्देश:- अयोध्या-प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहन को खड़ा करके संगम लोवर मार्ग से पैदल मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

**मेला क्षेत्र में पैदल आगमन करने वाले स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं हेतु मार्गः-**

1. संगम आने का पैदल मार्ग- संगम आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को जी०टी० जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैम्प से होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तक जा सकेंगे।

2. संगम से वापसी का पैदल मार्ग- संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग होते हुए इण्टर लाकिंग वापसी मार्ग त्रिवेणी मार्ग होते हुए अपने गंतव्य को वापस जा सकेंगे |

उल्लेखनीय है कि संगम मेला क्षेत्र में जाने हेतु प्रवेश मार्ग जवाहरलाल नेहरू मार्ग काली सड़क से एवं निकास मार्ग त्रिवेणी मार्ग प्रस्तावित है।

**प्रमुख स्नान पर्व के दिनों में अक्षयवट दर्शन के लिए बन्द रहेगा |**

**मीडिया सेल**
**महाकुम्भ प्रयागराज**